हरिभूमि

# झज्जर-बहादुरगढ़ भूमि

**रोहतक,** बुधवार, 8 अक्टूबर 2025

13 करवाचौथ पर बाजार हुए गुलजार खरीदारी बढ़ी



14 महर्षि वाल्मीकि जयंती पर सफाई कर्मियों का सम्मान



## खबर संक्षेप



**झज्जर।** पदोन्नत हुए राजेंद्र कुमार को बधाई देते हुए पुलिस आयुक्त डॉ. राजश्री सिंह। फोटो : हरिभूमि

### पदोन्नति पाने पर पुलिस कमिश्नर ने स्टार लगाकर दी बधाई

**झज्जर।** स्थानीय पुलिस लाइन में सीडीआई के पद पर तैनात एएसआई राजेंद्र कुमार को एसआई के पद पर पदोन्नति मिलने पर पुलिस कमिश्नर डॉक्टर राजश्री सिंह ने स्टार लगाकर बधाई दी और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। पुलिस कमिश्नर ने कहा कि पदोन्नति के बाद आपकी जिम्मेदारी भी बढ़ गई है इसलिए आपको और अधिक मेहनत, लग्न व निष्ठा से कार्य करना है।

### सरकारी स्कूल से स्पोर्ट्स का सामान चोरी

**बहादुरगढ़।** इलाके में सरकारी स्कूल चोरों का साफ्ट टारगेट बने हैं। आए दिन किसी न किसी गांव में सरकारी स्कूल को निशाना बनाया जा रहा है। अब नयगांव बीरबरख्ताबाद स्थित राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में चोरी हो गई। यहां प्रिंसिपल रूप और स्पोर्ट्स रूम के ताले चोरों ने चटका दिए। शाटपुट, मेडिसिन बॉल सहित अन्य खेल सामान चोरी कर लिया गया। सुबह पौने आठ बजे जब स्टाफ स्कूल आया तो वारदात का पता चला। इसके बाद पुलिस को शिकायत दी गई। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जांच शुरू की। सदर थाने में इस संबंध में केस दर्ज कर लिया है।

### नशे के खिलाफ कवि सम्मेलन आज

**झज्जर।** पुलिस द्वारा युवाओं को नशे के दुष्प्रभाव के प्रति जागरूक करने के लिए कवि सम्मलेन आयोजित किया जा रहा है।



जसलीन कौर, डीसीपी

डीसीपी हेडक्वार्टर जसलीन कौर ने बताया कि जिले को अपराध और नशा मुक्त बनाने के लिए पुलिस की अलग-अलग टीमें लगातार काम कर रही हैं। इसी कड़ी में बुधवार को राजकीय नेहरू कॉलेज के ऑडिटोरियम में पुलिस द्वारा कवि सम्मेलन आयोजित किया जा रहा है। कवि सम्मेलन का मुख्य उद्देश्य नशा मुक्त हो हर परिवार और नशा मुक्त हो हमारा समाज रहेगा। उन्होंने कहा कि इस कवि सम्मेलन में रचनाओं के माध्यम से समाज में लोगों को जागरूक किया जाएगा कि नशा किस तरह बर्बाद करता है।

आसमान से बरसी आफत : लगातार दूसरे दिन जिले में बरसात ने बिगाड़े हालात, किसान, आढ़ती और आमजन परेशान

# तेज बरसात से भीगा मंडी में बाजरा, सड़कें जलमग्न

## बरसात में जलभराव की वजह से यातायात प्रभावित, निकासी के इंतजाम रहे अधूरे





**झज्जर।** शहर के अग्रसेन चौक पर हुआ जलभराव तथा अंबेडकर चौक पर पानी के बीच से गुजरते वाहन। फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ⏭ झज्जर

जिले में लगातार दूसरे दिन बारिश होने से जनजीवन अस्त व्यस्त रहा। सबसे ज्यादा नुकसान अनाजमंडी में देखने को मिला। यहां आई बाजरे की फसल बरसात की वजह से भीग गई। फसल को बरसात से बचाने के मंडी में पूरे इंतजाम नहीं थे। मौसम विभाग द्वारा बरसात की चेतावनी के बावजूद जिला प्रशासन के द्वारा किए गए प्रयास नाकाफी साबित हुए। जिले में मंमंगलवार दिनभर मौसम का मिजाज बदलता रहा। दिनभर आसमान से कभी हल्की फुहारें तो कभी धूप निकलती रही। लेकिन दोपहर बाद एकाएक तेज हवाएं चलने लगी और तेज बारिश शुरू हो गई। इसके कारण शहर की सड़कें जलमग्न हो गईं। अंबेडकर चौक, अग्रसेन चौक व पुराना बर्फखाना रोड सहित कई स्थानों पर हुए जलभराव के कारण राहगीरों और वाहन चालकों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ा। मंगलवार को अधिकतम तापमान 26 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 20 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। वहीं, अनाज मंडी परिसर में रखा बाजरा भीगने से किसानों और आढ़तियों को काफी नुकसान हुआ।

### तिरपाल ढकने पर भी बाजरा भीगा

तेज बरसात के कारण अनाज मंडी परिसर में रखा कई क्विंटल बाजरा भीग गया। जिसके कारण आढ़तियों और किसानों को काफी नुकसान हुआ है। हालांकि आढ़तियों ने बाजरे और धान की फसल को तिरपाल से ढक भी रखा था। लेकिन शेड के किनारों से पानी गिरने से फसल भीग गई। वहीं तिरपाल के नीचे से पानी जाने से भी काफी नुकसान हुआ है।

### बरसात की वजह से बढ़ी ठंड

*बहादुरगढ़। इलाके में तेज हवा के साथ हुई बारिश के चलते कुछ जगहों पर पेड़ों और बिजली तारों को नुकसान पहुंचा। वातावरण में ठंडक घुल गई है। तापमान कई डिग्री गिर चुका है और दोपहर के वक्त भी ठंड महसूस हो रही है। सोमवार सुबह से लेकर मंगलवार शाम चार बजे तक इलाके में लगभग 45 एमएम बरसात दर्ज की गई और अधिकतम तापमान 28 डिग्री पर पहुंच गया। मंगलवार सुबह धूप निकली जरूर थी लेकिन फिर से आसमान में बादल छा गए। दोपहर को तेज हवा के साथ काफी देर तक बारिश हुई। इसके बाद ठंडी हवा चलती रही। मौसम में आए इस बदलाव के बाद लोगों की दिनचर्या पर प्रभाव पड़ा है। फिलहाल घरों में एसी चलने बंद हो गए हैं। लगातार हो रही बारिश के कारण किसानों की चिंता बढ़ी हुई है। फसलों को काफी नुकसान पहुंचा है।*





**झज्जर।** पुराना बस स्टैंड परिसर में अस्थाई पार्किंग व्यवस्था करवाते हुए यातायात थाना प्रभारी वीरेंद्र। फोटो : हरिभूमि

# त्योहारों के चलते दो स्थानों पर बनाई अस्थाई पार्किंग

## बाजारों में जाम से निपटने के लिए नई योजना

- नगर परिषद झज्जर और पुलिस विभाग की यातायात व्यवस्था सुधारने के लिए पहल
- पुराना बस अड्डा रोड और टैक्सी स्टैंड के पास पार्किंग की अस्थाई व्यवस्था से मिलेगी आमजन को बड़ी राहत

हरिभूमि न्यूज ⏭ झज्जर

त्योहारी सीजन के चलते बाजारों में जाम की स्थिति उत्पन्न न हो, इसके लिए नप और पुलिस विभाग द्वारा शहर के पुराना बस अड्डा रोड व टैक्सी स्टैंड के पास पार्किंग की अस्थाई व्यवस्था की गई है। थाना यातायात प्रभारी उप निरीक्षक वीरेंद्र ने बताया कि यातायात व्यवस्था को सुचारू बनाने के लिए लगातार प्रयास किया जा रहा है। दुकानदारों से भी अपील की जा रही है कि वे अपनी दुकानों के सामने अतिक्रमण न करें और फुटपाथ या सड़क पर सामान न फैलाएं। उन्होंने कहा कि यदि किसी दुकान के सामने अतिक्रमण पाया गया तो उनके खिलाफ भी कार्रवाई की जाएगी।

### गलत पार्किंग के खिलाफ अभियान छेड़ा

यातायात प्रभारी ने कहा कि त्योहारी सीजन में लोग खरीदारी के लिए बड़ी संख्या में बाजारों का रुख कर रहे हैं। ऐसे में हमारा लक्ष्य यह है कि किसी भी व्यक्ति को ट्रैफिक जाम या अव्यवस्था का सामना न करना पड़े। उन्होंने कहा कि पुलिस पूरी तरह सतर्क है। रॉन्ग पार्किंग, ट्रिपल राइडिंग और ब्लैक फिल्म वाहनों के खिलाफ निरंतर अभियान चल रहा है। साथ ही रात में ड्रिंक एंड ड्राइव करने वालों पर भी सख्त कार्रवाई की जा रही है। उन्होंने नागरिकों से सहयोग की अपील करते हुए कहा कि वे प्रशासन की मदद करें ताकि शहर में दीवाली का त्योहार शांति और व्यवस्था के साथ मनाया जा सके।



**बहादुरगढ़।** पिंजरों में ठूंसकर बंद किए गए बंदर।

- एक छोटे पिंजरे में कई बंदरों को किया कैद
- चेयरपर्सन ने ठेकेदार को दी कड़ी चेतावनी

# बंदरों को पकड़ने में बरती जा रही क्रूरता

हरिभूमि न्यूज ⏭ बहादुरगढ़

इलाके में बंदरों को पकड़ने में नियमों और मानवता की धज्जियां उड़ाई जा रही हैं। छोटे-छोटे पिंजरों में कई-कई बंदरों को ठूंसा जा रहा है। मंगलवार को इस संबंध में इंटरनेट पर कुछ फोटोज वायरल हुए, जिनमें छोटे पिंजरों में कई बंदर देखने को मिले। घटनाक्रम शहर की अनाज मंडी का बताया जा रहा है और इस पर जीव प्रेमियों ने बंदर पकड़ने की इस शैली पर सवाल उठाए हैं। जीव प्रेमियों का कहना है कि इस तरह से बंदर को पकड़ना न केवल नियमों की अवहेलना है बल्कि पशु क्रूरता भी है। संबंधित एजेंसी को अपने कर्मचारियों को नियमों की जानकारी देकर काम करने के लिए कहना चाहिए। बंदरों को सुरक्षित तरीके से पकड़कर उपयुक्त जगह छोड़ना चाहिए।

### लोगों की शिकायतों के बाद छोड़ा गया था बंदर पकड़ने का टेंडर

बता दें कि लोगों द्वारा बंदर संख्या बढ़ने व उनके द्वारा नुकसान करने की शिकायतें लगातार की जा रही थीं। इसे देखते हुए नगर परिषद की ओर से बंदर पकड़ने का टेंडर छोड़ा गया। इससे पहले भी बंदरों को पकड़ने के दौरान इस तरह की नियमों की अवहेलना की बातें सामने आती रही हैं। उधर, नगर परिषद की चेयरपर्सन सरोज राठी ने कहा कि मामला संज्ञान में आने के बाद उन्होंने ठेकेदार को कड़ी हिदायत दी है। बंदरों को पकड़ने के दौरान सुरक्षा का ध्यान राते हुए तमाम निर्धारित नियमों का पालन किया जाए।

उपलब्धि : जिले की दो शख्सियतों को राष्ट्रीय स्तर पर पुरस्कार से नवाजा गया

# नवीन मल्होत्रा को मिला बेस्ट टेक्नोलॉजी लीडरशिप अवॉर्ड

हरिभूमि न्यूज ⏭ बहादुरगढ़

दिल्ली में हुए भारत बिजनेस अवॉर्ड समारोह में बहादुरगढ़ के उद्यमी नवीन मल्होत्रा को टेक्नोलॉजी लीडरशिप इन इंडक्शन हीटिंग मशीन अवॉर्ड से सम्मानित किया गया। यह सम्मान उन्हें मशहूर उद्योगपति अशनीर ग्रोवर ने प्रदान किया। यह आयोजन टायकी संस्था द्वारा किया गया था। नवीन मल्होत्रा गणपति धाम स्थित मल्होत्रा टेक्नोलॉजीज के संचालक हैं और इंडक्शन हीटिंग मशीन निर्माण के क्षेत्र में उल्लेखनीय नवाचार कर रहे हैं। वे बहादुरगढ़ चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज से भी जुड़े हैं और उद्योग जगत की समस्याओं को सरकार व प्रशासन के समक्ष प्रभावी ढंग से उठाते रहे हैं।



अवॉर्ड के साथ नवीन मल्होत्रा।

पुरस्कार मिलने पर उन्होंने कहा कि उद्यमियों के कार्य को जब प्रोत्साहन मिलता है तो वह और बेहतर करने की प्रेरणा देता है। भारत आज तकनीकी नवाचारों के जरिए उत्पादन लागत घटाने और उद्योग को नई दिशा देने में अग्रणी है। मल्होत्रा को इससे पहले जेम ऑफ इंडिया, मेक इन इंडिया और बेस्ट एमएसएमई अवॉर्ड से भी सम्मानित किया जा चुका है।

## राजकुमार रोहिल्ला को मिला लाइफटाइम अचीवमेंट अवॉर्ड

हरिभूमि न्यूज ⏭ झज्जर

भारतीय वायुसेना के पूर्व अधिकारी व कवि राजकुमार रोहिल्ला को लाइफटाइम अचीवमेंट अवॉर्ड से सम्मानित किया गया है। शहर के आर्य नगर निवासी राजकुमार रोहिल्ला को यह सम्मान राह ग्रुप फाउंडेशन द्वारा श्रीनगर के लाल चौक के नजदीक आयोजित ग्लोबल रोल मॉडल अवार्ड-2025 समारोह में प्रदान किया गया। राह ग्रुप फाउंडेशन के चेयरमैन नरेश सेलपाड़ और वाइस चेयरमैन रामनिवास वर्मा ने कहा कि एयरफोर्स ऑफिसर राजकुमार रोहिल्ला ने जहां कारगिल युद्ध में अपने साहस और समर्पण की मिसाल पेश की वहीं सेवानिवृत्ति के बाद उन्होंने इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट पर सीनियर फायर ऑफिसर के रूप में सेवाएं दीं। इसके अलावा साहित्य क्षेत्र में भी उन्होंने अपनी पहचान बनाई है। दो बार कविता प्रतियोगिताओं में प्रथम पुरस्कार जीत चुके राजकुमार रोहिल्ला की कविताएं समाज, राष्ट्र और मानवीय संवेदनाओं से गहराई से जुड़ी हैं।



**झज्जर।** राजकुमार रोहिल्ला को अवॉर्ड देते फाउंडेशन के पदाधिकारी।

# एसयूसीआई ने फूंका ट्रंप का पुतला

- सोशलिस्ट यूनिटी सेंटर ऑफ इंडिया के कार्यकर्ताओं ने फिलिस्तीन के समर्थन में किया प्रदर्शन

**बहादुरगढ़।** सोशलिस्ट यूनिटी सेंटर ऑफ इंडिया के कार्यकर्ताओं ने रोहतक रोड पर अमेरिकी राष्ट्रपति द्वारा फिलिस्तीन को उपनिवेश बनाने के प्रस्ताव के विरोध में प्रदर्शन किया। इस दौरान प्रदर्शनकारियों ने अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप का पुतला फूंककर अपना आक्रोश व्यक्त किया। पार्टी के प्रदेश सचिव मंडल सदस्य जयकरण मांडोठी ने कहा कि अमेरिकी राष्ट्रपति द्वारा तथाकथित शांति योजना वास्तव में एक उपनिवेशिक ढांचा है, जिसके तहत फिलिस्तीनी जनता अमेरिकी और इजरायली नियंत्रण में कैद रहेगी। जिला कमेटी सदस्य कामरेड रामकिशन ने कहा कि जब पूरी दुनिया युद्ध विराम और फिलिस्तीन को स्वतंत्र राष्ट्र के रूप में मान्यता देने की मांग कर रही है, तब ट्रंप का यह प्रस्ताव साम्राज्यवादी मंशा को उजागर करता है। वहीं जिला कमेटी सदस्य लालजी ने कहा कि पार्टी इस योजना की कड़ी निंदा करती है। प्रदर्शन में सरोजनी देवी, विद्या देवी, सोनिया, संजीवन, राजबीर सिंह छिल्लर, महेंद्र सिंह कादियान, संदीप सिंह, राहुल, बलबीर, सतपाल, भरत सिंह और ओमप्रकाश सहित कई कार्यकर्ता मौजूद रहे।





**बहादुरगढ़।** ट्रंप के विरोध में प्रदर्शन करते संगठन के कार्यकर्ता। फोटो : हरिभूमि

**उत्सव** दुर्लभ जड़ी बूटियां मिलाकर बनाई गई खीर, कई रोगों का उपचार होने का दावा

शरद पूर्णिमा पर जटेला धाम में पंजाब, हरियाणा, उत्तराखंड, महाराष्ट्र व गुजरात समेत विदेशों से भी आए भक्त

# जटेला धाम में 17 हजार से ज्यादा भक्तों ने चखा उपचारित खीर का प्रसाद

हरिभूमि न्यूज ⏭ झज्जर

शरद पूर्णिमा पर पंजाब, हरियाणा, उत्तराखंड, महाराष्ट्र तथा गुजरात के हजारों लोगों ने माजरा स्थित जटेला धाम में उपचारित खीर का प्रसाद महंत राजेंद्र दास के हाथों से ग्रहण किया। अबकि बार 17 हजार टोकन सोमवार सायं तक वितरित हो गए थे। न्यूजीलैंड से भी पांच रोगी दवाई युक्त खीर का सेवन करने के लिए आए।

इस दौरान अपने संबोधन में महेंद्र राजेंद्र दास व सूर्यानंद महाराज ने कहा कि वर्ष में 12 पूर्णमासी आती है, लेकिन शरद पूर्णिमा में चंद्र किरणों का विशेष महत्व है। इन किरणों से उपचारित खीर रोगियों के लिए आरोग्य वरदान साबित होगी क्योंकि आयुर्वेद आयु और ज्ञान का वेद यानी इससे आयु बढ़ाने तथा जीवन भर स्वस्थ रहने के तरीके ईजाद किए जाते हैं।





**झज्जर।** उपचारित खीर का प्रसाद वितरित करते हुए महंत राजेंद्र दास महाराज तथा जटेला धाम में उपचारित खीर बनाते हुए टीम सदस्य। फोटो : हरिभूमि

*उपचारित खीर विशेष तरह का एक आरोग्य टॉनिक : यह उपचारित खीर विशेष तरह का एक आरोग्य टॉनिक है। इस दिन चंद्रमा अपनी ओजस्वी किरणों के साथ अमृत वर्षा करता है। रात के तीन बजे से सुबह सूर्य निकलने तक उपचारित खीर से रोगी लाभ उठाते रहे। इस खीर में दुर्लभ जड़ी बूटियां भी मिलाई गई थीं, जोकि आयुर्वेद के हिसाब से श्वास, दमा तथा नजले में रामबाण साबित होगी। इस मौके पर विकास पासौरिया, आशीष कादियान, चांद कादियान, सुरेंद्र कादियान, सरूप साहब, राजा चेयरमैन, करतार सिंह, रघुबीर थानेदार, डॉक्टर चरणसिंह, डॉक्टर रवि गोदारा, जयवीर, सुनील कादियान, संजय सिंह सहित काफी संख्या में लोग उपस्थित रहे।*

### फिल्मी स्टाइल में यात्री बनकर ई-रिक्शा ले भागा ठग

**बहादुरगढ़।** इलाके में ई-रिक्शा चालकों के साथ लगातार वारदात बढ़ रही हैं। शातिर व्यक्ति चालकों को अपने साथ ले जाते हैं और फिर धोखे से उनकी रिक्शा पर हाथ साफ कर देते हैं। अब यहां छिल्लर-छिकारा चौक के नजदीक ऐसी ही एक वारदात हो गई। वारदात बिहार मूल के रामनाथ के साथ हुई है। वह निजामपुर में बामड़ोली रोड पर रहता है और बहादुरगढ़ में ई-रिक्शा चलाता है। रामनाथ ने बताया कि सोमवार रात करीब साढ़े आठ बजे पुराने बस अड्डे पर था। इसी दौरान चेहरे पर मास्क लगाए एक युवक पास आया और चलने को कहने लगा। मैंने उसे बैठाया और चल दिया। जब छिल्लर छिकारा चौक पर पहुंचा तो रिक्शा रुकवा ली। फिर मुझे पैसे देकर कुछ सामान लाने के लिए भेज दिया। कुछ मिनट में वापस आया तो रिक्शा नहीं मिली। शातिर युवक रिक्शा लेकर भाग चुका था। काफी तलाशने के बाद भी नहीं मिला। फिर पुलिस को सूचना दी। सिटी थाना पुलिस ने शिकायत के आधार पर केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# कार चालक की लापरवाही से ऑटो सवार की मौत

- कार का दरवाजा अचानक खोलने से हुआ हादसा

हरिभूमि न्यूज ⏭ बहादुरगढ़

कार चालक द्वारा लापरवाही से खोली गई खिड़की एक युवक के जीवन पर भारी पड़ गई। गंभीर रूप से घायल हुए युवक ने इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। परिजनों ने उसकी मौत के लिए कार चालक की लापरवाही को जिम्मेदार ठहराया है। आरोपों की सत्यता जांच के बाद स्पष्ट हो सकेगी। आसौदा थाना पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। मामला गांव आसंडा का है और इसी गांव के रहने वाले 36 वर्षीय विकास की हादसे में जान गई है। पुलिस को दी शिकायत में राज सिंह ने कहा है कि उसका बेटा विकास सांपला के एक व्यक्ति का ट्रैक्टर चलाता था। उसकी कमाई के जरिये ही परिवार का गुजारा हो रहा था। गत पांच अक्टूबर को वह अपने चचेरे भाई वीरेंद्र के साथ ऑटो में सवार होकर कहीं जा रहा था। ऑटो भापड़ोदा का निवासी अमित चला रहा था, जबकि साथ वाली सीट पर विकास बैठा हुआ था।

जब ये आसंडा में ठेके के पास से गुजर रहे थे तो वहां एक क्रेटा गाड़ी खड़ी थी। अचानक चालक ने क्रेटा की खिड़की खोली तो ऑटो टकरा गया। टक्कर लगते ही विकास नीचे गिर गया और उसे गंभीर चोट आई। उसे अस्पताल ले गए तो पीजीआई रेफर कर दिया गया। जहां सोमवार को उसने दम तोड़ दिया। उधर, सूचना पाकर आसौदा पुलिस पीजीआई गई और पोस्टमार्टम की कार्रवाई शुरू कराई।



# बाहुबलीः द एपिक 31 को होगी रिलीज

**मुंबई।** बाहुबली भारतीय सिनेमा की एक कल्ट फ्रेंचाइजी है, जिसकी दोनों ही फिल्मों ने बॉक्स ऑफिस पर रिकॉर्ड स्थापित किए हैं। बाहुबलीः द बिगनिंग और बाहुबली 2ः द कन्क्लूजन दोनों ही फिल्में आज भी दर्शकों के बीच काफी लोकप्रिय हैं। अब निर्देशक एसएस राजामौली 'बाहुबलीः द एपिक' लेकर आ रहे हैं, जो 31 अक्टूबर को रिलीज हो रही है। बाहुबली के निर्माता शोबू यार्लागड्डा ने बताया कि यह किरदार शुरू से ही प्रभास को ध्यान में रखकर लिखा गया था और किसी अन्य अभिनेता को कोई ऑडिशन या प्रस्ताव नहीं दिया गया था। यह एक ऐसा खुलासा है जो उन फैंस को आश्चर्यचकित कर सकता है।

लाइफ Style

# नोरा
## 'दिलबर की' में जबरदस्त डांस मूव्स

फिल्म 'थामा' का नया गाना 'दिलबर की आंखों का' रिलीज हो चुका है। इस गाने में नोरा फतेही ने जबरदस्त डांस मूव्स से फैंस का दिल जीत लिया है। रश्मिका मंदाना और आयुष्मान खुराना की आगामी बहुप्रतीक्षित फिल्म 'थामा' का हाल ही में गाना 'तुम मेरे न हुए' रिलीज हुआ था। वहीं, मंगलवार को निर्माताओं ने फिल्म का एक नया गाना 'दिलबर की आंखों का' रिलीज कर फैंस को सरप्राइज कर दिया है।

एजेंसी ⏭ मुंबई

मंगलवार को मैडॉक फिल्म्स ने अगामी फिल्म 'थामा' का एक नया गाना 'दिलबर की आंखों का' रिलीज कर दिया है। इस गाने के आने से साफ हो गया है कि अब नोरा फतेही भी मैडॉक्स हॉरर फिल्म का हिस्सा बन गई हैं। 'थामा' फिल्म के निर्माताओं ने फिल्म का नया गाना 'दिलबर की आंखों का' रिलीज कर फैंस को खुश कर दिया है। इस गाने के साथ निर्माताओं ने कैप्शन में लिखा, 'दिवाली और भी ज्यादा गरम हो गई। 21 अक्टूबर को, दुनिया भर के सिनेमाघरों में थामा के साथ एक खूनी प्रेम कहानी लेकर आ रहा है।' नोरा फतेही के जबरदस्त डांस मूव्स पर कई फैंस ने कमेंट कर अपनी राय पेश की है। एक फैन ने लिखा, 'हे भगवान सच में फिर से आग लग गई', एक और फैन ने लिखा, 'रानी वापस आ गई है ', तो वहीं कई फैंस ने नोरा के इस डांस को तमन्ना भाटिया के डांस से कंपेयर किया है। एक फैन ने लिखा, 'वही डांस, वही मूव्स, वही एक्सप्रेशन, वही कपड़े सब कुछ एक जैसा'। एक फैन ने लिखा, 'धमाकेदार', एक और फैन ने लिखा, 'नोरा का हर कदम आग।' फिल्म 'थामा' एक रोमांटिक कॉमेडी हॉरर प्रेम कहानी है। इसका निर्देशन आदित्य सरपोतदार ने किया है।



हॉलीवुड मसाला

# जेम्स के पोस्टर्स से की छेड़छाड़



**लॉस एंजिल्स।** हॉलीवुड से चौंका देने वाली खबर सामने आ रही है। अमेजन प्राइम वीडियो ने हाल ही में जेम्स बॉन्ड की क्लासिक फिल्मों के पोस्टर्स से गन यानी बंदूकें हटा दी हैं। यह बदलाव देखने के बाद सोशल मीडिया पर फैन्स ने गुस्सा जाहिर किया और कहा कि यह संस्कृति के प्रतीक के साथ खिलवाड़ है। पिछले हफ्ते अमेजन प्राइम वीडियो यूके ने अपनी वेबसाइट पर जेम्स बॉन्ड सीरीज की नई प्रमोशनल पोस्टर इमेजेस रिलीज की थीं।



# बॉक्स ऑफिस रिजल्ट्स पर हमारा कंट्रोल नहीं होता...

**लॉस एंजिल्स।** हॉलीवुड के सुपरस्टार ड्वेन जॉनसन के फैंस को उनकी नई फिल्म 'द स्मैशिंग मशीन' से काफी उम्मीदें थीं। लेकिन, ओपनिंग वीकेंड पर यह फिल्म बॉक्स ऑफिस पर वह कमाल नहीं दिखा पाई जिसकी उम्मीद की जा रही थी। लगभग 50 मिलियन डॉलर यानी 415 करोड़ के बजट में बनी इस खेल-आधारित ड्रामा फिल्म ने पहले तीन दिनों में सिर्फ 6 मिलियन डॉलर यानी 4.98 करोड़ की कमाई की। । बॉक्स ऑफिस के निराशाजनक प्रदर्शन के बावजूद ड्वेन जॉनसन ने अपने सोशल मीडिया पर एक भावुक पोस्ट साझा किया। उन्होंने लिखा- 'दिल की गहराइयों से धन्यवाद उन सभी को जिन्होंने 'द स्मैशिंग मशीन'देखी। बॉक्स ऑफिस रिजल्ट्स पर हमारा कंट्रोल नहीं होता, लेकिन हम अपने परफॉर्मेंस पर पूरा भरोसा रख सकते हैं। इस किरदार को निभाना मेरे लिए एक जीवन-परिवर्तनकारी अनुभव रहा।'



# मिर्जापुरः द फिल्म की शूटिंग शुरू की

**मुंबई।** अभिनेत्री श्वेता त्रिपाठी ने वेब सीरीज 'मिर्जापुर' पर बनी फिल्म 'मिर्जापुरः द फिल्म' की शूटिंग शुरू कर दी है। वे इसमें अपनी पॉपुलर भूमिका गजगामिनी 'गोलू' गुप्ता के रूप में लौट रही हैं। यह फिल्म 2026 में रिलीज होगी। पंकज त्रिपाठी, अली फजल और दिव्येंदु शर्मा भी अपनी भूमिकाओं में वापस आ रहे हैं। श्वेता ने 'मिर्जापुरः द फिल्म' को लेकर कहा, 'गोलू मेरे लिए सिर्फ एक किरदार नहीं, बल्कि साल से मेरी जिंदगी का साथी है। बड़े पर्दे पर उसका सफर देखना कमाल का और सपने जैसा लग रहा है।' श्वेता वाराणसी को अपना 'दूसरा घर' मानती हैं। उन्होंने बताया कि उनके कॅरियर के कई प्रोजेक्ट इस शहर से जुड़े हैं, जैसे नीरज घायवान की फिल्म मसान, शो एस्केप लाइव और कालकूट। श्वेता ने कहा, यह शहर मुझे हमेशा बुलाता है।



# हैवान में निगेटिव रोल में आएंगे नजर

**मुंबई।** मंगलवार को अक्षय कुमार फिक्की फ्रेम्स 2025 कार्यक्रम में शामिल हुए। इस कार्यक्रम में उन्होंने साइबर क्राइम जैसी बातों को लेकर महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने लंबी चर्चा की। इसी दौरान अपनी फिल्म 'हैवान' को लेकर उन्होंने मुख्यमंत्री से सलाह मांगी। साथ ही अपने किरदार का जिक्र भी कर दिया। कार्यक्रम में अक्षय ने कहा, 'मैं एक ऐसी फिल्म कर रहा हूं, जिसमें निगेटिव रोल निभा रहा हूं। मैं सोच रहा था कि मुझे यह करना चाहिए या नहीं। फिल्म का नाम 'हैवान'है। लेकिन, अंत में मैं हार जाता हूं। हैवान हार जाता है। इस पर मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने अक्षय कुमार को सपोर्ट किया और कहा, 'हां, आपको यह रोल जरूर करना चाहिए। आप जैसे मल्टी टैलेंटेड एक्टर को हर तरह के रोल निभाने चाहिए।

टीवी मसाला



# जावेद अख्तर ने बिग बी को राज खोलने से रोका

**नई दिल्ली।** बॉलीवुड के दिग्गज अभिनेता अमिताभ बच्चन द्वारा होस्ट किए जाने वाले शो कौन बनेगा करोड़पति का नया प्रोमो सामने आया है। इसमें लेखक जावेद अख्तर और उनके बेटे फरहान अख्तर नजर आ रहे हैं। इस नए प्रोमो में बिग बी, जावेद अख्तर के बारे में कुछ मजेदार राज बता रहे हैं। साथ ही फरहान के साथ काम करने के अपने अनुभव के बारे में भी कुछ कहते दिखाई दे रहे हैं। प्रोमो की शुरुआत में फरहान और जावेद अख्तर, बिग बी को केक काटकर खिलाते हुए दिख रहे हैं, क्योंकि 11 अक्टूबर को अमिताभ का जन्मदिन है। इसके बाद बिग बी ने फरहान के साथ की गई 'लक्ष्य' फिल्म का अनुभव बताया। उन्होंने कहा, 'रात को ये हमारे कमरे में आए। अमिताभ अंकल, क्या आपको कोई दिक्कत हो रही है? पहली बार लगा कि मैं एक नौसिखिया ही हूं और ये उस्ताद बैठा हुआ जो कह रहा है देखो बेटा हम तुमको बताते हैं कैसे एक्टिंग करनी चाहिए।' इसके बाद सभी आश्चर्य होकर हंसने लगते हैं। आगे प्रोमो में फरहान, जावेद अख्तर और अमिताभ बच्चन से कहते हैं कि वो दोनों एक-दूसरे के बारे में कोई एक गुण बताएं। इस पर जावेद ने कहा, वह इंडस्ट्री में इतने सारे गुणों वाले इकलौते इंसान हैं, जो मैंने अब तक देखा है। फिर फरहान पूछते हैं कि दोनों में से महिलाओं के बीच कौन ज्यादा लोकप्रिय था। इसके जवाब में जावेद थोड़ा हिचकिचाते हैं, लेकिन बिग बी उनकी ओर इशारा करते हुए बताते हैं कि जावेद ही वो शख्स हैं जिन्हें महिलाएं ज्यादा पसंद करती हैं। उन्होंने आगे कहा, 'मैं बताऊं आपको' जिस पर जावेद तुरंत बीच में ही टोकते हैं, 'सब मत बताइएगा।'

## टास्क के बाद फूट-फूटकर रोईं तान्या

**नई दिल्ली।** रियलिटी शो बिग बॉस 19 में मालती चाहर ने आते ही तान्या मित्तल को आईना दिखा दिया था। एक्ट्रेस ने तान्या मित्तल को बताया कि



बाहर उसके बारे में किस तरह का माहौल बन रहा है। लोगों को उसकी कही बातों पर बिल्कुल भी यकीन नहीं है। लेकिन, मालती की बातों को तान्या ने बिल्कुल भी गंभीरता से नहीं लिया। फिर एक टास्क के दौरान मालती ने ऐसी हरकत की कि तान्या रोने लगी। बाद में शो के बाकी प्रतियोगियों को मालती ने तान्या के बारे में काफी सारी बातें बताईं। जिन्हें सुनकर सब हैरान हो गए। बिग बॉस 19 के हालिया रिलीज प्रोमो में घर में एक टास्क चल रहा है, जिसे मालती चाहर लीड कर रही हैं। वह तान्या को स्विमिंग पुल में धक्का देती हैं। तान्या वहां से बाहर आने के बाद वॉशरूम में जाकर बहुत देर तक, फूट-फूटकर रोती हुईं नजर आती हैं। मातली आकर पूछती है, क्या हुआ? तान्या कहती है, मैं तुम्हारी वजह से रो नहीं रही हूं।

# ऐश्वर्या ने शेयर कीं पेरिस फैशन वीक की शानदार तस्वीरें



**पेरिस।** ऐश्वर्या राय बच्चन ने मंगलवार को पेरिस फैशन वीक 2025 में सितारों के साथ शानदार तस्वीरें शेयर कर फैंस को खुश कर दिया है। उन्होंने सौशल मीडिया हैंडल पर बैकस्टेज की दो कमाल की ग्रुप फोटो शेयर कीं, जिनमें हॉलीवुड और फैशन की बड़ी हस्तियां नजर आ रही हैं। पहली तस्वीर में ऐश्वर्या काले रंग के स्टाइलिश कपड़ों में हेडी क्लम, वियोला डेविस, केंडल जेनर, एले फैनिंग, ईवा लोंगोरिया, एंडी मैकडॉवेल, सिंडी क्रॉफर्ड, लूमा ग्रोथ और अजा नाओमी किंग जैसे सितारों के बीच खड़ी हैं। वहीं, दूसरी तस्वीर एक सीढ़ी पर ली गई है, जहां सभी सितारे अपने-अपने ग्लैमरस कपड़ों में पोज दे रही हैं। यहां कैमिला कैबेलो, वियोला डेविस, एंडी मैकडॉवेल, हेडी क्लम, ईवा लोंगोरिया, एले फैनिंग, सिंडी क्रॉफर्ड, लूमा ग्रोथ और अजा नाओमी किंग दिखीं। यह इवेंट लोरियल का सालाना रनवे शो 'ले डेफिले 2025' था, जो सौंदर्य और महिलाओं की ताकत पर जोर देता है। ऐश्वर्या ने एक और पोस्ट में वीडियो शेयर किया, जिसमें वे डिजाइनर मनीष मल्होत्रा के हीरों वाली ड्रेस में कमाल लग रही हैं। वीडियो में वे सिमोन एश्ले (ब्रिजर्टन स्टार) से बात करती नजर आईं। उनकी बेटी आराध्या भी साथ थीं। मां-बेटी की जोड़ी सेल्फी लेती, हंसती और मजे करती दिखी।

# सिग्नल पर भीख मांगती थी फिल्मों की ये साइड एक्ट्रेस अनिल, आमिर की फिल्मों में किया था शानदार काम

**नई दिल्ली।** हिंदी फिल्मों में कई ऐसे साइड किरदार नजर आए होंगे जो आपको पसंद तो बहुत हैं, लेकिन उनके बारे में कम ही जानकारी मौजूद है। ऐसी ही एक करैक्टर आर्टिस्ट थीं मिस मिमी। इन्हें आपने 90 के दशक की कई फिल्मों में अपने बढे हुए वजन के साथ देखा होगा। मिस मिमी कोई एक्टर नहीं थीं, बल्कि सिग्नल पर भीख मांगने वाली एक ऐसी लड़की थी जिसकी दिमागी हालत ठीक नहीं थी। सिग्नल से फिल्मों तक का सफर किसी चमत्कार से कम नहीं था।



### आमिर की फिल्म से शुरुआत

आमिर खान और माधुरी दीक्षित की फिल्म दिल तो आपको याद ही होगी। इस फिल्म में एक बॉक्सिंग मुकाबले का सीन आता है, जहां आदिल ईरानी हार जाते हैं। उस हार के पेनल्टी के रूप में मिस मिमी उन्हें किस करती हैं। उसी एक सीन ने उन्हें नाम दिया मिस मिमी। इस बारे में एक इंटरव्यू में आदिल ईरानी ने बताया कि मिस मिमी को उन्होंने सड़क पर एक भिखारिन के रूप में देखा था, तब उनके भाई इंदर कुमार ऐसा लुक ढूंढ रहे थे। और उसी से इंस्पायर्ड होकर उन्होंने उस लड़की को दिल फिल्म में छोटा रोल दिया और एक्टिंग करवाई।

### मुंह से आती थी बदबू

आदिल ने कहा कि उस किस सीन में जब मिस मिमी अपना चेहरा उनके करीब ले जाती हैं, तो उनके मुंह से बदबू आ रही थी। मिस मिमी के मुंह से आने वाली उस बदबू ने उन्हें अजीब महसूस कराया। बाद में कहा जाता है कि मिस मिमी ने बेटा और दिलजले जैसी फिल्मों में भी काम किया। लेकिन, मानसिक रूप से पूरी तरह स्वस्थ न होने के कारण, वो जो कुछ भी मिल जाता, वही खा लेती थीं। इस वजह से एक दिन उनकी तबीयत बिगड़ गई और वे बुरी तरह बीमार हो गईं। रिपोर्ट ये भी हैं कि मिस मिमी का एक्सीडेंट हो गया था।

## करवा चौथ का त्योहार हर साल पति-पत्नी के रिश्ते को बनाता है मजबूत

# इस साल ये जोड़ियां मनाएंगी अपना पहला करवा चौथ

***नई दिल्ली।** करवा चौथ का त्योहार हर साल पति-पत्नी के रिश्ते को और मजबूत बनाता है। इस बार कई नई शादीशुदा जोड़ियां अपना पहला करवा चौथ धूमधाम से मनाएंगी। ये जोड़ियां न केवल अपने रिश्ते को नया रंग देंगी, बल्कि फैंस के लिए भी यह त्योहार खास बन जाएगा। करवा चौथ की हार्दिक शुभकामनाओं के साथ ये टीवी सेलेब्स भी करवा चौथ का जश्न मनाएंगे।*



### अरमान मलिक और आशना श्रॉफ

मशहूर सिंगर अरमान मलिक ने हाल ही में आशना श्रॉफ से शादी की है। यह उनका पहला करवा चौथ होगा, जो काफी खास होने वाला है। 2019 से एक-दूसरे को डेट करने के बाद अरमान मलिक और आशना श्रॉफ ने 2 जनवरी, 2025 को शादी की थी। दानों ने इंस्टाग्राम पर 'तू ही मेरा घर' के खास कैप्शन के साथ अपनी शादी की तस्वीरें शेयर की थीं। अरमान मलिक एक मशहूर बॉलीवुड प्लेबैक सिंगर हैं, जबकि आशना श्रॉफ एक भारतीय फैशन और ब्यूटी ब्लॉगर, यूट्यूबर और सोशल मीडिया इंफ्लुएंसर हैं।



### अंशुला कपूर और रोहन ठक्कर

अंशुला कपूर और रोहन ठक्कर ने हाल ही में सगाई की है, जिसकी शानदार तस्वीरे अभी भी सोशल मीडिया पर वायरल हो रही हैं। बॉलीवुड एक्टर अर्जुन कपूर की बहन अंशुला ने 2 अक्टूबर को रोहन से सगाई की है। हो सकता है कि अंशुला सगाई के बाद रोहन के लिए करवाचौथ का व्रत रखें।



### अविका गौर और मिलिंद चंदवानी

टीवी सीरियल 'बालिका वधु' से घर-घर प्रसिद्ध हुईं अविका गौर ने हाल ही में अपने लॉन्ग टाइम बॉयफ्रेंड मिलिंद चंदवानी से शादी की है। उनकी शादी 'पति पत्नी और पंगा' के सेट पर हुई थी। यह अविका का पहला करवा चौथ होगा। अविका ने 'ससुराल सिमर का' समेत कई हिट शोज और वेब सीरीज में अभिनय किया है।

***झील मेहता और आदित्य दुबे** : अभिनेत्री झील मेहता ने आदित्य दुबे से विवाह किया है। नई दुल्हन झील इस त्योहार को पति के लिए व्रत रखकर सेलिब्रेट कर सकती हैं। झील मेहता ने अपने लंबे समय के साथी आदित्य दुबे से शादी की है। उन्होंने दिसंबर 2024 में भव्य शादी की थी। फिर फरवरी 2025 में अपनी कानूनी शादी (रजिस्ट्री) पूरी की। अभिनेत्री झील मेहता 'तारक मेहता का उल्टा चश्मा' में सोनू के किरदार के लिए मशहूर हैं।*

## खबर संक्षेप

### ऑटो चोरी के मामले में दो आरोपी गिरफ्तार

**बहादुरगढ़।** सेक्टर-6 थाना क्षेत्र से ऑटो चोरी के मामले में दो आरोपियों को काबू किया गया है। आरोपियों से चोरीशुदा ऑटो भी बरामद कर लिया गया है। एंटी व्हीकल थेफ्ट टीम और सेक्टर 6 थाना पुलिस की संयुक्त टीम ने इस कार्रवाई को अंजाम दिया। चार अक्टूबर की रात को पटेल नगर से प्रियांशु का ऑटो चोरी हुआ था। इस शिकायत पर पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू की। मामले में दो आरोपी पकड़े गए। जिनकी पहचान अंकित निवासी सेक्टर-6 तथा वेदप्रकाश निवासी यूपी के रूप में हुई है। आरोपियों को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है।

### चोरी के केस में तीन प्रोडक्शन वारंट पर

**बावल।** पुलिस ने जून माह में हुई चोरी के मामले में तीन आरोपियों को कोर्ट से प्रोडक्शन वारंट पर लिया है। पुलिस ने थाना क्षेत्र में हुई चोरी के बाद 20 जून को केस दर्ज करने के बाद जांच शुरू की थी। इस मामले में पुलिस ने शेखपुर गांव में रहने वाले मूल रूप से दिल्ली के नजफगढ़ निवासी देवेंद्र, राजस्थान के चिकसाना निवासी राज और यूपी के सदकपुर निवासी जगदीश को कोर्ट से प्रोडक्शन वारंट पर लिया है।

### कोर्ट से घोषित पीओ महिला गिरफ्तार

**बावल।** पुलिस ने कोर्ट से घोषित की गई एक पीओ महिला को गिरफ्तार किया है। कोर्ट में चल रहे केस के दौरान टीकला निवासी मनीषा हाजिर नहीं हुई। बार-बार सम्मन भेजे जाने के बाद भी वह हाजिर नहीं हुई, तो कोर्ट ने उसे पीओ डिक्लेयर कर दिया था। कोर्ट के आदेश पर बावल थाना पुलिस ने 6 अक्टूबर को महिला के खिलाफ अवमानना का केस दर्ज किया था।

### छेड़छाड़ व धमकी देने का आरोपी गिरफ्तार

**जाटूसाना।** पुलिस ने एक महिला के साथ छेड़छाड़ करने और जान से मारने की धमकी देने के आरोपी मंगतराम को गिरफ्तार कर लिया।

---

महिलाओं के खास पर्व पर आगामी तीन दिनों में बिक्री और बढ़ने की उम्मीद

# करवाचौथ पर बाजार हुए गुलजार महिलाओं ने की जमकर खरीदारी

*चीनी और खांड के करवे भी इन दिनों जमकर बिक रहे मिठाई की दुकानों पर भी लगी भीड़*

- करवे पर पूजन सामग्री की भी खूब ब्रिकी

**हरिभूमि न्यूज ▶▶ झज्जर**

सुहागिन महिलाओं के पर्व करवाचौथ के नजदीक आते ही शहर के बाजारों में रौनक लौट आई है। बारिश के बावजूद दुकानों पर महिलाओं की भीड़ देखते ही बन रही है। सौंदर्य प्रसाधन की दुकानें हों, मिष्ठान भंडार या फिर ज्वेलर्स शोरूम, हर जगह महिलाओं की चहल-पहल से बाजार गुलजार हैं। दुकानदारों का कहना है कि बीते कुछ दिनों से बाजार में मंदा था। नवरात्रों के दौरान थोड़ी बहुत ग्राहकी रही, लेकिन अब करवाचौथ के अवसर पर बाजारों में फिर से रौनक लौट आई है। उनका अनुमान है कि आने वाले तीन दिनों में भीड़ और अधिक बढ़ेगी।




**झज्जर।** अंबेडकर चौक स्थित मिष्ठान भंडार पर खरीदारी करते हुए लोग, सौंदर्य प्रसाधन की दुकान पर खरीदारी करतीं महिलाएं। फोटो :हरिभूमि

#### खूब बिक रहे हैं करवे और पूजन सामग्री

करवाचौथ पर इस्तेमाल होने वाले चीनी और खांड के करवे भी इन दिनों जमकर बिक रहे हैं। महिलाएं अपनी बाकी खरीदारी के साथ करवे भी खरीद रही हैं। बाजार में खील से भरी करवे की एक जोड़ी पैकिंग पचास रुपये में उपलब्ध है। इसके अलावा करवाचौथ कथा के कैलेंडर और फोटो दस से बीस रुपये में मिल रहे हैं। सौंदर्य प्रसाधन सामान विक्रेता हिमांशु गर्ग ने बताया कि उनके पास महिलाएं करवाचौथ की थाली, मेहंदी और श्रृंगार सामग्री की खरीदारी के लिए पहुंच रही हैं, जिनमें चूड़ियों व चूड़ासेट की खरीददारी जमकर की जा रही है।

#### मिष्ठान भंडारों पर भी बढ़ी रौनक

पर्व को देखते हुए मिष्ठान भंडारों पर भी ग्राहकों की भीड़ उमड़ रही है। पवन सैनी ने बताया कि करवाचौथ के चलते मिठाइयों की बिक्री में पिछले दिनों की तुलना में लगभग दोगुनी बढ़ोतरी हुई है। महिलाएं खास तौर पर बर्फी, पेड़ा, मिल्क केक, गुलाब जामुन व जलेबी पसंद कर रही हैं। बिंदर सैनी ने कहा कि त्योहारों पर घरों में मिठाई जरूरी मानी जाती है। करवाचौथ के अवसर पर गिफ्ट पैक और सजावटी मिठाई बॉक्स की मांग भी काफी बढ़ी है। दुकानदारों का कहना है कि शाम होते-होते बाजारों की रौनक और बढ़ जाती है क्योंकि महिलाएं परिवार के साथ खरीददारी के लिए निकल रही हैं। इस बार उम्मीद की जा रही है कि करवाचौथ से जुड़ी बिक्री पिछले साल की तुलना में बेहतर रहेगी।

---

# सरकार की वन भूमि की परिभाषा पर उठाए सवाल

*पर्यावरण संरक्षण समिति ने वन भूमि पर कब्जे होने के बारे में चेताया*

**हरिभूमि न्यूज ▶▶ बहादुरगढ़**

पर्यावरण संरक्षण समिति हरियाणा ने राज्य सरकार के वन भूमि से अतिक्रमण हटाने के हालिया अभियान पर गंभीर सवाल उठाए हैं। समिति के सदस्य सतवीर सिंह दहिया ने कहा कि सरकार को सबसे पहले वन भूमि की परिभाषा स्पष्ट करनी चाहिए, क्योंकि 18 सितंबर 2025 के नोटिफिकेशन में निर्धारित नई परिभाषा से बड़ी संख्या में वन क्षेत्र पहचान से बाहर रह जाएंगे। उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा जारी परिभाषा के अनुसार, केवल वे क्षेत्र वन भूमि माने जाएंगे जिनमें 40 प्रतिशत से अधिक वृक्ष छत्र होगा। अरावली क्षेत्र में ऐसा वृक्ष छत्र नहीं होने के कारण वहां का अधिकांश भाग वन भूमि की श्रेणी से बाहर हो जाएगा। इस स्थिति में केवल अधिसूचित आरक्षित और संरक्षित वन ही अतिक्रमण मुक्त किए जा सकेंगे, जबकि सुप्रीम कोर्ट के दिसंबर 1996 के आदेश के अनुसार डीम्ड फॉरेस्ट भी वन क्षेत्र माने जाने चाहिए। सतवीर सिंह दहिया ने चेतावनी दी कि यदि सरकार ने इस परिभाषा के आधार पर कार्रवाई जारी रखी तो कई अतिक्रमण नियमित हो जाएंगे और बड़े पैमाने पर फार्म हाउस, रिहायशी कॉलोनियों तथा पर्यटन होटलों के निर्माण का रास्ता खुल जाएगा। यह कदम पर्यावरण संरक्षण के प्रयासों को कमजोर करेगा और राष्ट्रीय वन नीति के लक्ष्यों के विपरीत होगा। समिति में शामिल वन विभाग के सेवानिवृत्त और कार्यरत अधिकारी तथा सामाजिक कार्यकर्ताओं ने कहा कि सरकार ने किसानों के खेतों में निःशुल्क पौधे लगाने और उन पर किसानों के स्वामित्व की पुरानी योजना भी बंद कर दी है। इससे न केवल पर्यावरण को नुकसान हुआ है, बल्कि किसानों की रुचि भी घट गई है।

#### केवल तीन प्रतिशत है वन क्षेत्र

हरियाणा में वर्तमान में केवल लगभग तीन प्रतिशत भूमि पर ही वन है, जबकि राष्ट्रीय नीति के अनुसार यह अनुपात 33 प्रतिशत होना चाहिए। समिति ने सरकार से अपील की है कि वह वन भूमि की परिभाषा और संबंधित नीतियों की पुनः समीक्षा कर पर्यावरण के अनुकूल सुधारात्मक कदम उठाए जाएं। ऐसा न होने पर प्रदेश में पर्यावरण संतुलन बिगड़ जाएगा।

---

# नाला बंद होने से सेक्टर 2 में बिगड़े हालात, लोग परेशान

*दूषित पेयजल की सप्लाई और जलभराव की समस्याओं ने लिया विकराल रूप*

**हरिभूमि न्यूज ▶▶ बहादुरगढ़**

महंगी जमीन खरीदकर सेक्टरों में रहने वाले लोग विभिन्न समस्याओं से जूझ रहे हैं। कहीं स्वच्छ पानी नहीं आता तो कहीं गंदगी की भरमार है। निकासी अव्यवस्था और जलभराव से भी लोग परेशान हैं।

बहादुरगढ़ के सेक्टर-2 में भी ऐसे बदतर हालात बने हुए हैं। यहां दूषित पेयजल की सप्लाई हो रही है। पानी पीना तो दूर अन्य घरेलू कार्यों में इस्तेमाल करना भी मुश्किल है। वहीं, नाले जाम की समस्या भी लोगों को खूब परेशान कर रही है। जानकारी के मुताबिक, 20 दिन पहले सेक्टर-2 के मकान नंबर 31 के आगे पानी की लाइन टूट जाने के कारण उस हिस्से को ठीक करने के लिए नाला अस्थायी रूप से बंद किया गया था, लेकिन अब तक नाले को नहीं खोला गया है। इस कारण बरसात का सारा पानी अब ग्रीन बेल्ट और आसपास मकानों के पास भर गया है। रामधन दलाल, राजीव छिल्लर, डॉ. जितेंद्र आदि ने बताया कि बंद पड़े नाले की वजह से प्लॉट नंबर 30 से लेकर 22 और 23 तक के इलाकों में पानी भर गया है। मकान नंबर 1 से 26 तक की ग्रीन बेल्ट रोड पूरी तरह जलमग्न हो चुकी है। इतना ही नहीं, मकान नम्बर 21 और 24 की दीवारों तक पानी पहुंच गया है जिससे मकानों की सुरक्षा को खतरा पैदा हो गया है।



**बहादुरगढ़।** एक मकान के बाहर के हालात।

---

## संगठन को मजबूत बनाने का आह्वान किया

# दिवाली तक मांगें नहीं मानी तो राज्यस्तरीय प्रदर्शन करेंगे ग्रामीण चौकीदार : राजेंद्र

**हरिभूमि न्यूज ▶▶ झज्जर**

ग्रामीण चौकीदार सभा द्वारा बेरी में एक खंड स्तरीय बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता ब्लॉक प्रधान राजेंद्र लकड़िया ने की, जबकि संचालन सतबीर सिंह द्वारा किया गया। बैठक में ग्रामीण चौकीदार सभा के राज्य महासचिव कलीराम ने मुख्यातिथि के रूप में शिरकत की। उन्होंने संगठन को मजबूत बनाने का आह्वान किया। जिला प्रधान राजेंद्र सुलौधा ने कहा कि सरकार ग्रामीण चौकीदारों की मांगों व समस्याओं की तरफ कोई ध्यान नहीं दे रही।



**झज्जर।** बैठक में उपस्थित ग्रामीण चौकीदार। फोटो :हरिभूमि

#### मौके पर ये मौजूद रहे

इस दौरान सक्रिय कार्यकर्ताओं को सम्मानित भी किया गया। इस मौके पर बादली ब्लॉक प्रधान शेर सिंह, बहादुरगढ़ ब्लॉक से मंगत राम, सोनू याकूबपुर, रामभगत, राजेंद्र, बलराज खातीवास, दिलबाग, दिनेश उपस्थित रहे।

#### ज्ञापन देने के बावजूद अनदेखी की जा रही

प्रशासनिक अधिकारियों व नेताओं को ज्ञापन देने के बावजूद उनकी अनदेखी की जा रही है। बीती 18 सितंबर को पानीपत के मतलोडा में आक्रोश प्रदर्शन के दौरान पंचायत मंत्री के भाई द्वारा दिए गए आश्वासन के बाद भी अभी तक मिलने का समय नहीं दिया गया। उनकी मांगों में ग्रामीण चौकीदारों को पक्का करना, न्यूनतम वेतन तीस हजार रुपये देने, आबादी के हिसाब से ग्रामीण चौकीदारों की नियुक्ति, आकस्मिक मृत्यु पर आश्रितों को दस लाख रुपये की आर्थिक सहायता व ईएसआई सुविधा देना प्रमुख रूप से शामिल है। उन्होंने कहा कि यदि दीपावली तक उनकी मांगें नहीं मानी गई तो वे राज्य स्तर पर प्रदर्शन करेंगे।

---



**झज्जर।** हवन में आहुति डालते हुए नप चेयरमैन जिले सिंह सैनी। फोटो :हरिभूमि

# हवन के साथ योग शिविर का समापन

**हरिभूमि न्यूज ▶▶ झज्जर**

पतंजलि योगपीठ द्वारा स्थानीय मंगलीराम पार्क में चलाया जा रहा पन्द्रह दिवसीय योग शिविर मंगलवार को संपन्न हो गया। कुटुंब प्रबोधन व बाल गोकुलम के सहयोग से आयोजित इस शिविर का समापन हवन के साथ किया गया। कार्यक्रम में नगर परिषद के चेयरमैन जिले सिंह सैनी ने मुख्य यजमान के रूप में शिरकत की। उन्होंने नप पार्षद जयपाल सिंह बांगड़ व पार्षद प्रतिनिधि नवीन छाबड़ा के साथ मिलकर हवन में आहुति डाली। पतंजलि योगपीठ के नैष्टिक ब्रह्मचारी इंद्रजीत द्वारा मंत्रोच्चारण के साथ हवन पूर्ण कराया। इस दौरान प्रसादगिरी गुरुकुलम के विद्यार्थियों द्वारा कठिन योग प्रदर्शन भी किया गया। इस मौके पर जिला संयोजक सुंदर, एडवोकेट पंकज, कृष्ण जांगड़ा, डॉक्टर संवत, रामनिवास आर्य, विवेक गोयल, सुरेश जांगड़ा, शिवकुमार, सुनीता सहित अन्य भी उपस्थित रहे।

> कार्यक्रम में नगर परिषद के चेयरमैन जिले सिंह सैनी ने मुख्य यजमान के रूप में शिरकत की

### नहर टूटने से कई एकड़ जमीन जलमग्न

**रेवाड़ी।** खेड़ा आलमपुर और रोहड़ाई मोड़ के बीच मंगलवार देर सायं नहर टूटन से कई एकड़ फसल जलमग्न हो गई। कुछ किसानों की फसल भी नहरी पानी की चपेट में आ गई। सिंचाई विभाग के कर्मचारियों ने नहर का दुरुस्त कराने का कार्य शुरू कर दिया।ग्रामीणों के अनुसार देर सायं नहर का एक हिस्सा टूट गया। इससे नहरी पानी पास लगते खेतों में फैलना शुरू हो गया। ग्रामीणों ने अपने स्तर पर पानी रोकने के प्रयास किए, लेकिन बहाव तेज होने के कारण पानी नहीं रुका। पानी कई एकड़ जमीन पर फैल गया। जिन किसानों के खेतों में फसल खड़ी थी, वह भी पानी में डूब गई। सिंचाई विभाग के कर्मचारियों ने पानी रुकवाने के बाद नहर को ठीक करने के प्रयास शुरू कर दिए।

### मोहनपुर गांव में पीट पीटकर युवक की हत्या

**रेवाड़ी।** मंगलवार सायं मोहम्मदपुर गांव में आपसी झगड़े में एक युवक की पीट-पीटकर हत्या कर दी गई। सूचना मिलने के बाद पुलिस ने शव सिविल अस्पताल के शव गृह में रखवा दिया। केस दर्ज करने के बाद पुलिस ने आरोपियों की तलाश शुरू कर दी।शाम के समय मोहम्मदपुर में दो गुटों के बीच हमला हो गया। एक गुट के लोगों ने 38 वर्षीय राजेश पर हमला कर दिया। इस हमले में राजेश को गंभीर चोटें आईं। उसे परिजनों ने ट्रॉमा सेंटर पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। परिजनों ने गांव के ही राकेश, हुकम व अनिल पर हत्या का आरोप लगाया है। पुलिस ने केस दर्ज करने के बाद आरोपियों की गिरफ्तारी के प्रयास शुरू कर दिए। पुलिस के अनुसार झगड़ा शराब के नशे में किया गया था। राजेश के बेहोश होकर जमीन पर गिरने के बाद आरोपी वहां से फरार हो गए।

### कैंटर की टक्कर से छात्र की मौत

**कोसली।** झाल गांव स्थित कृष्णा पॉलिटेक्निक कॉलेज के पास धनिया गांव के रोड पर सोमवार को हुई सड़क दुघर्टना में मुंढाड़ा गांव के एक छात्र की मौत हो गई। मृतक युवक के ताऊ के लड़के मयंक ने कोसली पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उनके चाचा कुलदीप का लड़का तुषार झाल गांव में स्थित कृष्णा पॉलिटेक्निक एंड आईटीआई कॉलेज में द्वितीय वर्ष में पढता था। सोमवार को रोजाना की तरह वह अपने घर से कॉलेज में गया था। दोपहर बाद तुषार ने फोन पर बताया कि उसकी बाइक खराब हो गई है। सूचना के बाद वह तुषार के पास पहुंचे ही थे कि धनिया फाटक रोड़ की तरफ से आ रहे एक कैंटर चालक ने तेज गति व लापरवाही से तुषार को टक्कर मार दी। दुर्घटना के बाद कैंटर चालक अपनी गाड़ी लेकर मौके से फरार हो गया।

---

# देश के मुख्य न्यायाधीश पर हमले का प्रयास निंदनीय : हुड्डा

*न्यायपालिका को भयभीत करने के प्रयास किए जा रहे*



**झज्जर।** कार्यक्रम के दौरान सांसद दीपेंद्र हुड्डा को गदा भेंट कर सम्मानित करते हुए वाल्मीकि समाज के लोग। फोटो :हरिभूमि

**हरिभूमि न्यूज ▶▶ झज्जर**

मंगलवार को सांसद दीपेंद्र सिंह हुड्डा भगवान वाल्मीकि जी के प्रकट दिवस पर आयोजित कई कार्यक्रमों में शामिल हुए। उन्होंने वाल्मीकि आश्रम में नवयुवक वाल्मीकि समिति द्वारा आयोजित कार्यक्रम में उन्हें श्रद्धापूर्वक नमन किया। दीपेंद्र हुड्डा ने कहा कि महर्षि वाल्मीकि जी ने अपनी कलम के माध्यम से न्याय, मर्यादा, सच्चाई को परिभाषित करने का काम किया। लेकिन आज पिछड़े, गरीब, वंचित वर्ग से संबंध रखने वाले व्यक्तियों को निशाना बनाया जा रहा है। देश के मुख्य न्यायाधीश पर हमला इस बात का पुख्ता प्रमाण है। ऐसा करके न्यायपालिका को भयभीत करने के प्रयास किए जा रहे हैं। इस अवसर पर विधायक गीता भुक्कल, सुभाष गुर्जर, बिल्लू धींगड़ा, अभिषेक गोलू, रमेश, हेमंत, इकबाल, नरेश उर्फ आलू वाल्मीकि, संदीप टांक सहित अन्य भी मौजूद रहे।

> महर्षि वाल्मीकि जी ने अपनी कलम के माध्यम से न्याय, मर्यादा, सच्चाई को परिभाषित करने का काम किया

---

**कार्यक्रम** नए छात्रों का स्वागत किया, कैडेट्स की ओर से विविध सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी गईं

# सैनिक स्कूल में नवांगतुक कैडेट्स के लिए फ्रेशर पार्टी का आयोजन

*यह आयोजन नवांगतुक छात्रों और वरिष्ठ छात्रों दोनों के लिए प्रेदरणादायक रहा*

**हरिभूमि न्यूज ▶▶ रेवाड़ी**

जिले के गांव गोठड़ा स्थित सैनिक स्कूल में कक्षा 6 व 9 के नवांगतुक कैडेट्स के लिए फ्रेशर पार्टी का आयोजन किया गया। इस मौके पर नए छात्रों का स्वागत किया गया। इस अवसर पर कैडेट्स की ओर से विविध सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी गई। सांस्कृतिक कार्यक्रमों और सामाजिक गतिविधियों की एक आकर्षक श्रृंखला के साथ यह आयोजन नवागंतुक छात्रों और वरिष्ठ छात्रों दोनों के लिए प्रेदरणादायक रहा। इस अवसर पर विद्यालय प्राचार्य कैप्टन ब्रिज किशोर ने कहा कि ऐसे कार्यक्रमों का मुख्य उद्देश्य देश के कोने-कोने से आए नए कैडेट्स का विद्यालय के वातावरण में समाहित होने के साथ-साथ अन्य कैडेट्स के साथ बेहतरीन समन्वय स्थापित करना है। इससे कैडेट्स को आपस में एक दूसरे को जानने का अवसर मिलता है।




**रेवाड़ी।** कार्यक्रम में प्रस्तुति देते हुए कैडेट्स।

#### सभी कैडेट्स को उच्च गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करें

स्कूल का प्रयास है कि सभी कैडेट्स भी उच्च गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करें। प्राचार्य ने कहा कि इस प्रकार के कार्यक्रम से नए कैडेटों के आत्मविश्वास व मनोबल में वृद्धि होती है। साथ ही उनमें छिपी हुई प्रतिभा भी उभर कर सामने आती है। उन्होंने कहा कि विद्यालय कैडेट्स में पढ़ाई के साथ-साथ नैतिक मूल्यों को विकसित करने के लिए कृत संकल्पित है।

#### मौके पर ये मौजूद रहे

इस मौके पर राष्ट्र निर्माण में अपना सकारात्मक योगदान देने एवं भारतीय सेनाओं में अधिकारियों के रूप में शामिल होने का सपना संजोए कैडेट्स ने अपने अनुभव साझा किए। मंच संचालन कैडेट कार्तिकेय ने किया। कार्यक्रम का संयोजन शिवानी यादव ने किया। इस अवसर पर विद्यालय प्रशासनिक अधिकारी मेजर जय सिंह राठौड़, उप प्राचार्य वंदना चौधरी व वरिष्ठ अध्यापक गजेन्द्र सिंह चौहान सहित समस्त विद्यालय स्टाफ एवं कर्मचारी उपस्थित थे।

---

## नवनियुक्त प्रदेशाध्यक्ष व नेता प्रतिपक्ष से मिलने पहुंचे कांग्रेसी



**झज्जर।** नवनियुक्त प्रदेशाध्यक्ष राव नरेंद्र सिंह को पुष्प गुच्छ भेंट करते हुए वीरेंद्र दरोगा व अन्य। फोटो :हरिभूमि

**झज्जर।** नवनियुक्त प्रदेशाध्यक्ष राव नरेंद्र सिंह व नेता प्रतिपक्ष भूपेंद्र सिंह हुड्डा को बधाई देने के लिए स्थानीय कांग्रेस कार्यकर्ताओं का प्रतिनिधिमंडल चंडीगढ़ पहुंचा। यादव महासभा के पूर्व प्रधान वीरेंद्र दरोगा, व्यापार मंडल प्रधान सुभाष गुर्जर, पूर्व पार्षद राव नाहर सिंह व वीरेंद्र कौशिक आदि ने दोनों नेताओं को बधाई देते हुए कहा कि सभी कार्यकर्ता पूरी मजबूती से उनके नेतृत्व में सड़क से संसद तक जन अधिकारों के लिए संघर्ष करेंगे।

## खबर संक्षेप


झज्जर। होनहार बॉक्सिंग खिलाड़ी।

### तीन खिलाड़ियों ने जीते मेडल

**झज्जर।** बॉक्सिंग फेडरेशन कप में स्थानीय महर्षि दयानंद सरस्वती स्टेडियम के तीन मुक्केबाजों ने पदक जीत कर जिले का नाम रोशन किया है। बॉक्सिंग कोच हितेश देशवाल ने बताया कि चेन्नई में आयोजित इस बॉक्सिंग फेडरेशन कप में सागर ने 60 किलोग्राम भार वर्ग में बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए सिल्वर मेडल जीता जबकि खिलाड़ी मितेश देशवाल व अरमान अहलावत ने अपने-अपने वर्ग में ब्रांज मेडल जीतकर जिले का गौरव बढ़ाया। इस उपलब्धि पर कोच हितेश देशवाल व खेल प्रेमियों ने होनहार खिलाड़ियों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।


झज्जर। गलियों के अवलोकन के दौरान लोगों की समस्याएं सुनते नप चेयरमैन जिले सिंह सैनी।

### शहर में बनाई जा रहीं गलियों का लिया जायजा

**झज्जर।** मंगलवार को नगर परिषद के चेयरमैन जिले सिंह सैनी ने शहर में बनाई जा रही गलियों का निरीक्षण करते हुए लोगों की समस्या सुनीं व उनके निवारण का आश्वासन दिया। शहर के विभिन्न वार्डों का दौरा करते हुए उन्होंने कहा कि जो गलियां बननी हैं उनमें लोगों द्वारा घर के आगे बनाए चबूतरे हटवाकर तथा लेवलिंग करके ही बनाया जाएगा। उन्होंने लोगों से सहयोग की अपील करते हुए नगर परिषद के जेई लोकेश शर्मा व अंकित को गलियों के एस्टीमेट शीघ्र बनाने के लिए भी कहा ताकि जल्द कार्य शुरू कराया जा सके। इस मौके पर पार्षद जयपाल सिंह बांगड़, पार्षद प्रतिनिधि जयसिंह, पार्षद दिनेश छिक्कारा, पूर्व मंडलाध्यक्ष केशव सिंघल सहित अन्य भी उपस्थित रहे।

### संवाद भवन में जिलास्तरीय भव्य समारोह आयोजित

# महर्षि वाल्मीकि जयंती पर सफाई कर्मियों और विद्यार्थियों को किया सम्मानित

*महर्षि वाल्मीकि जी न केवल आदि कवि थे, बल्कि मानवता सत्य और समानता के प्रतीक भी थेः बिरधाना*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ झज्जर


झज्जर। सफाई कर्मियों को सम्मानित करते हुए जिलाध्यक्ष व अन्य। फोटो : हरिभूमि

महान ग्रंथ रामायण के रचयिता महर्षि वाल्मीकि की जयंती पर मंगलवार को संवाद भवन में जिलास्तरीय भव्य समारोह का आयोजन हुआ। कार्यक्रम में जिप चेयरमैन कप्तान सिंह बिरधाना व भाजपा जिलाध्यक्ष विकास वाल्मीकि ने बतौर मुख्य वक्ता शिरकत की, जबकि डीसी स्वप्निल रविंद्र पाटिल ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की। कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलन और महर्षि वाल्मीकि जी की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर की गई।

इसके उपरांत संस्कृत आचार्यों द्वारा महर्षि वाल्मीकि रचित रामायण की चौपाइयों का संगीतबद्ध वाचन प्रस्तुत किया गया। जिप चेयरमैन कप्तान सिंह बिरधाना ने अपने संबोधन में कहा कि महर्षि वाल्मीकि जी न केवल आदि कवि थे, बल्कि मानवता, सत्य और समानता के प्रतीक भी थे। उनके जीवन से हमें यह प्रेरणा मिलती है कि कठिन परिस्थितियों में भी मनुष्य कर्मपथ से विचलित न हो। भाजपा जिलाध्यक्ष विकास वाल्मीकि ने कहा कि महर्षि वाल्मीकि जी द्वारा रचित रामायण को पूरा विश्व पढ़ता है।

महर्षि ने ही भगवान राम से पूरी दुनिया को मिलवाया। वहीं स्वप्निल रविंद्र पाटिल ने कहा कि महापुरुषों की शिक्षाएं समाज को सही दिशा दिखाने का कार्य करती हैं। कार्यक्रम में जिले में स्वच्छता कार्य में उल्लेखनीय योगदान देने वाले सफाई कर्मियों को प्रशस्ति पत्र व प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया गया।

### राजेंद्र जून ने वाल्मीकि प्रकट उत्सव की बधाई दी

**बहादुरगढ़।** पूर्व विधायक राजेंद्र सिंह जून ने क्षेत्रवासियों को महर्षि वाल्मीकि प्रकट उत्सव की शुभकामनाएं दी। महर्षि वाल्मीकि को नमन करते हुए पूर्व विधायक ने कहा कि महर्षि वाल्मीकि ने रामायण जैसे महान महाकाव्य की रचना कर समाज को सत्य, धर्म और आदर्श जीवन का मार्ग दिखाया। रामायण के जरिए उन्होंने भगवान श्रीराम के जीवन दर्शन को जन-जन तक पहुंचाने का कार्य किया, जो आज भी समाज को प्रेरणा देता है।

### झज्जर में निकली महर्षि वाल्मीकि की शोभायात्रा



*झज्जर। महर्षि वाल्मीकि जयंती के उपलक्ष्य में मंगलवार को शहर के विभिन्न स्थानों पर जहां धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया वहीं शहर में एक शोभायात्रा भी निकाली गई। यह शोभायात्रा छारा चुंगी स्थित महर्षि वाल्मीकि चौक से शुरू होकर सीताराम गेट, बेरी गेट, अंबेडकर चौक, मेन बाजार व दिल्ली गेट से होते हुए सिलानी गेट पहुंच कर संपन्न हुई। इन झांकियों में भगवान शिव-पार्वती, श्रीराधा-कृष्ण, हनुमान जी, महाकाली, ब्रास बैंड एवं ढोल ताशा पार्टी व अघोरी बाबाओं की झांकी आकर्षण का केंद्र रही। इन झांकियों में सबसे पीछे महर्षि वाल्मीकि की प्रतिमा वाली झांकी में प्रसाद वितरण भी किया गया।*


बहादुरगढ़। महर्षि वाल्मीकि को नमन करते ग्रामीण। फोटो : हरिभूमि

### सांखोल में श्रद्धापूर्वक मनाई वाल्मीकि जयंती

**बहादुरगढ़।** गांव सांखोल की वाल्मीकि चौपाल में महर्षि वाल्मीकि जयंती बड़े ही श्रद्धा और हर्षोल्लास के साथ मनाई गई। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने भाग लेकर महर्षि वाल्मीकि के उपदेशों को याद किया और उनके दिखाए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया। कार्यक्रम में हरिसिंह, सूबेसिंह, रणबीर सिंह सांगवान, रिटायर्ड एसएस होशियार सिंह सांगवान, उमेश सांगवान, मांगेराम, रामबीर, उमेश सिंह सांगवान, राजमल, राजेश कल्सन, देवराज, जितेंद्र सांगवान, हुकम सिंह, नवीन सांगवान, कुलवंत, देवेंद्र, यतिन सांगवान, देबू राठी, राहुल सांगवान आदि उपस्थित रहे। एसएस होशियार सिंह सांगवान ने कहा कि अगली बार प्रदेश स्तर पर महर्षि वाल्मीकि जयंती का आयोजन किया जाएगा।


बहादुरगढ़। भूपेंद्र राठी का स्वागत करते आयोजक। फोटो : हरिभूमि

### शिव चौक पर मनाया वाल्मीकि प्रकटोत्सव

**बहादुरगढ़।** नजफगढ़ रोड स्थित शिव चौक में भगवान वाल्मीकि प्रकटोत्सव बड़े उत्साह और श्रद्धा के साथ मनाया गया। इनेलो नेता भूपेंद्र नफे सिंह राठी मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। राठी ने मंदिर में भगवान वाल्मीकि की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर सुख-समृद्धि की कामना की। उन्होंने कहा कि भगवान वाल्मीकि संस्कृत भाषा के महान महाकाव्य रामायण के रचयिता हैं, जिन्होंने अपने ग्रंथ के माध्यम से मानवता के कल्याण और जीवन के उच्च मूल्यों का संदेश दिया। उनका जीवन और कृतित्व किसी एक वर्ग तक सीमित नहीं, बल्कि पूरे समाज के लिए प्रेरणास्रोत हैं। कार्यक्रम में नवाब पहलवान, वीरू, अमित, सागर, रोहतास, जोगेंद्र, पवन सहित अन्य उपस्थित रहे।


बहादुरगढ़। कार्यक्रम में पहुंचने पर रिबन काटते विधायक राजेश जून। फोटो : हरिभूमि

## विधायक ने किया महर्षि को नमन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बहादुरगढ़

- राजेश जून ने समाज के लोगों से महर्षि आदर्शों पर चलने का किया आह्वान

महर्षि वाल्मीकि प्रकट उत्सव के पावन अवसर पर विधायक राजेश जून ने इलाके में आयोजित विभिन्न धार्मिक व सामाजिक कार्यक्रमों में शिरकत की।

नजफगढ़ रोड के शिव चौक, गांव नूना माजरा, लोहारहेड़ी, खेड़ी जसोर में आयोजित जयंती कार्यक्रम स्थल पर पहुंचकर महर्षि वाल्मीकि की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर नमन किया और समाज के लोगों से उनके आदर्शों पर चलने का आह्वान किया। विधायक राजेश जून ने कहा कि महर्षि वाल्मीकि भारतीय संस्कृति के प्रथम कवि माने जाते हैं, जिन्होंने रामायण जैसे महान ग्रंथ की रचना कर मानवता को धर्म, करुणा और सत्य के मार्ग पर चलने की प्रेरणा दी। हमें उनके जीवन से प्रेरणा लेकर समाज में प्रेम, करुणा और सेवा की भावना को मजबूत करना चाहिए।

*भगवान वाल्मीकि प्रकटोत्सव पर शहर में जगह-जगह कार्यक्रमों का आयोजन*

## महर्षि वाल्मीकि सामुदायिक भवन की रखी आधारशिला

- शिव चौक से निकाली गई महर्षि वाल्मीकि जयंती शोभायात्रा में उमड़े श्रद्धालु, कई जगह भंडारों का भी किया गया आयोजन

***भगवान वाल्मीकि के बताए आदर्शों पर चलने और समाज में भाईचारे का संदेश फैलाने का लिया संकल्प***

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बहादुरगढ़

भगवान वाल्मीकि प्रकटोत्सव पूरे शहर में श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाया गया। जगह-जगह धार्मिक आयोजन, भंडारे और शोभायात्राएं निकाली गईं। नगर परिषद चेयरपर्सन सरोज राठी ने विभिन्न कार्यक्रमों में बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की और भगवान वाल्मीकि के जीवन आदर्शों पर प्रकाश डाला।

चेयरपर्सन सरोज राठी ने लाइनपार स्थित वार्ड नंबर-3 में बनने वाले महर्षि वाल्मीकि सामुदायिक भवन की आधारशिला रखी। उन्होंने कहा कि यह भवन न केवल धार्मिक और सामाजिक कार्यक्रमों का केंद्र बनेगा, बल्कि समाज के सभी वर्गों के लिए एकता और सहयोग का प्रतीक भी होगा। इसके बाद चेयरपर्सन सरोज राठी ने शिव चौक से निकाली गई महर्षि वाल्मीकि जयंती शोभायात्रा में बतौर मुख्य अतिथि भाग लिया। उन्होंने यात्रा का शुभारंभ किया और महर्षि वाल्मीकि की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर आशीर्वाद प्राप्त किया।

इस अवसर पर चेयरपर्सन प्रतिनिधि रमेश राठी, पार्षद राजेश तंवर, ज्योति पवन रोहिल्ला, राजेश मकड़ौली, अशोक शर्मा, पार्षद प्रतिनिधि अनिल सिंघल, हरिओम मुद्गिल, मनमोहित गुप्ता आदि उपस्थित रहे। सभी ने एक स्वर में भगवान वाल्मीकि के बताए आदर्शों पर चलने और समाज में भाईचारे का संदेश फैलाने का संकल्प लिया।


बहादुरगढ़। सामुदायिक भवन की आधारशिला रखतीं चेयरपर्सन सरोज राठी।


बहादुरगढ़। गली में फैली गंदगी दिखाते स्थानीय निवासी। फोटो : हरिभूमि

### छोटूराम नगर की गलियों में फैली सीवरेज की गंदगी

**बहादुरगढ़।** सीवरेज व्यवस्था ठप होने के कारण छोटूराम नगर की गलियों में गंदगी फैली हुई है। यहां वार्ड 10 की कई गलियों में कई महीनों से यह समस्या गहराई हुई है। स्थानीय लोगों का कहना है कि जून माह से यह समस्या बनी हुई है। सीवरेज व्यवस्था ठप होने के कारण गलियों में गंदा पानी फैला हुआ है। बरसात में यह स्थिति और गंभीर हो गई। हालात यह है कि आने जाने तक को रास्ता नहीं है। दुर्गंध के कारण बीमारियां फैल रही हैं। वार्ड पार्षद प्रतिनिधि हरिमोहन धाकरे ने कहा कि वार्ड में बेहद गंभीर समस्या है। एसटीपी सुचारू न होने के कारण यह समस्या उत्पन्न हुई थी।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
बहादुरगढ़ : सूरजमल वाली गली, गणपति ट्रैवलर्स के ऊपर, नजदीक टैक्सी स्टैंड, बहादुरगढ़
झज्जर :- पुराना बर्फ खाना रोड, शिव चौक, झज्जर
फोन : 8295738500, 8814999142, 8295157800, 9253681005

मृत्यु अंत नहीं है
मृत्यु कभी भी अंत नहीं हो सकती
मृत्यु एक पथ है, जीवन एक यात्रा है
आत्मा पथ प्रदर्शक है।
हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
इस शोकाकुल समय में हम आपके सहभागी हैं।
तेरहवीं/श्रद्धान्जलि/शोक संदेश
आप अर्पित कीजिये अपने श्रद्धा-सुमन हरिभूमि के माध्यम से

| साईज | संस्करण | विशेष छूट राशि |
|---|---|---|
| 5×8 सें.मी<br>10× 8 सें.मी | स्थानीय संस्करण के अन्दर के पृष्ठ पर | रु. 2500/-<br>रु. 3000/- |

+5% GST Extra
नोट : विशेष छूट राशि केवल उपरोक्त साईज पर मान्य। अन्य किसी साईज के लिए कार्ड रेट लागू।
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
झज्जर : हरिभूमि कार्यालय, पुराना बर्फ खाना रोड, शिव चौक, फोन : 8295876400
बहादुरगढ़ : सुरजमल वाली गली, रोहतक रोड, गणपति ट्रैवल्स के ऊपर, 8295852900

## शिक्षकों को बताए लाइफ स्किल्स को प्रभावी बनाने के तरीके

- कैंब्रिज इंटरनेशनल वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय भदाना में एक दिवसीय ऑफलाइन कार्यशाला का आयोजन

**झज्जर।** कैंब्रिज इंटरनेशनल वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय भदाना में कैपेसिटी बिल्डिंग प्रोग्राम के अंतर्गत लाइफ स्किल्स विषय पर एक दिवसीय ऑफलाइन कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में विभिन्न विद्यालयों से आए 61 अध्यापकों ने भाग लिया। रिसोर्स पर्सन डॉक्टर अशोक कुमार एवं नीलम बूरा ने शिक्षकों को लाइफ स्किल्स के विभिन्न पहलुओं बारे सरल और प्रभावशाली ढंग से विस्तृत जानकारी दी। विद्यालय निदेशक धर्मेन्द्र जून ने शिक्षकों को संबोधित करते हुए कहा कि लाइफ स्किल्स का ज्ञान प्रत्येक शिक्षक के लिए अत्यंत आवश्यक है। यह विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। कार्यशाला का उद्देश्य शिक्षकों में जीवन कौशल के प्रति जागरुकता बढ़ाना तथा विद्यार्थियों को व्यावहारिक जीवन के लिए सक्षम बनाना रहा।


झज्जर। कार्यशाला में शिक्षकों के साथ उपस्थित निदेशक धर्मेंद्र जून।


बहादुरगढ़। महिला के शरीर से निकाली गई रिसौली के साथ डॉक्टर्स। फोटो : हरिभूमि

### बुजुर्ग महिला के शरीर से निकाली साढ़े तीन किलो की रिसौली

**बहादुरगढ़।** शहर की एक कॉलोनी में रहने वाली 75 वर्षीय महिला लंबे समय से पेट दर्द से परेशान थी। डॉ. संजय मल्टीस्पेशलिटी अस्पताल में डॉक्टरों की टीम ने महिला की सफल जटिल सर्जरी कर उसकी ओवरी से लगभग साढ़े तीन किलोग्राम की रिसौली निकाली। अस्पताल निदेशक डॉ. संजय सिंह के अनुसार, ऑप्रेशन में महिला रोग विशेषज्ञ डॉ. तरुणा शर्मा, सर्जन चंचल वर्मा, एनेस्थिसिया डॉक्टर और ओटी स्टाफ ने मिलकर करीब डेढ़ से दो घंटे तक काम किया। रिसौली महिला की ओवरी के साथ फैली हुई थी। अन्य अंगों पर दबाव डाल रही थी, जिससे उसे उठने-बैठने और चलने में असहजता हो रही थी। डॉ. तरुणा शर्मा ने बताया कि महिला दस दिन पहले उपचार के लिए आई थी। एमआरआई, सीटी स्कैन और अल्ट्रासाउंड जैसी जांचों के बाद पाया गया कि बड़ी रिसौली है। ओपन सर्जरी के माध्यम से यह गांठ निकाली गई, जिससे महिला अब स्वस्थ है। रिसौली की बायोपसी जांच के लिए भेजी गई है। डॉ. शर्मा ने महिलाओं को नियमित स्वास्थ्य जांच और खानपान पर ध्यान देने की सलाह भी दी।

## सैनीपुरा और शास्त्री नगर में बदले बिजली के तार

*बिजली ट्रांसफार्मरों की क्षमता बढ़ा रहे, उच्च हानि वाले फीडरों को मजबूत भी कर रहे*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बहादुरगढ़

वार्ड-14 के दयानंद नगर, सैनीपुरा, शास्त्री नगर और सेक्टर-9/9ए में पूर्व मुख्यमंत्री और वर्तमान केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल की पुनर्गठित वितरण योजना के तहत पुराने और जर्जर तारों को बदलकर नवीनीकरण किया जा रहा है। बिजली ट्रांसफार्मरों की क्षमता बढ़ाई जा रही है और उच्च हानि वाले फीडरों को मजबूत किया जा रहा है। योजना के तहत फीडरों का विभाजन कर बिजली आपूर्ति में सुधार, कृषि और अन्य फीडरों को अलग कर किसानों को दिन में नियमित बिजली और सब-स्टेशनों का आधुनिकीकरण सुनिश्चित किया जाएगा। भाजपा नेता जसबीर सैनी ने अधिकारियों से आग्रह किया कि इस योजना का लाभ पूरे शहर के वार्डों को मिले। उन्होंने आमजन से अपील की कि बिजली से जुड़ी कोई भी समस्या होने पर विभाग को सूचित करें।


बहादुरगढ़। वार्ड 14 में काम करते बिजलीकर्मी।

### बरसात के बावजूद कम्युनिटी सेंटर में प्रदर्शनी को देखने उमड़े शहरवासी

# हस्तशिल्प प्रदर्शनी में शिल्पकारों के हुनर को निहार रहे कला प्रेमी

*13 अक्टूबर तक चलने वाले मेले में देश के विभिन्न राज्यों से आए शिल्पकार अपनी विशिष्ट कला और संस्कृति का प्रदर्शन कर रहे*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बहादुरगढ़

तीन दिन से हो रही बरसात के बावजूद सेक्टर-6 स्थित कम्युनिटी सेंटर में आयोजित हस्तशिल्प प्रदर्शनी में रौनक बरकरार है। मंगलवार को भी बड़ी संख्या में लोग पारंपरिक कलाओं और देशी हुनर को करीब से निहारने पहुंचे।

आगामी 13 अक्टूबर तक चलने वाले इस मेले में देश के विभिन्न राज्यों से आए शिल्पकार अपनी विशिष्ट कला और संस्कृति का प्रदर्शन कर रहे हैं। इसका उद्देश्य ग्रामीण हस्तशिल्प को नई पहचान देना और महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त बनाना है। उत्तर प्रदेश के जय मां जगदंबा सेल्फ हेल्प ग्रुप, मुजफ्फरनगर की ऊनी जैकेट, कुर्ता-पायजामा और हाथ से बुनी चादरें खरीदारों को खूब पसंद आ रही हैं। हिसार से आई मून ग्रो पिकल्स संस्था के देसी अचार और मुरब्बे स्वाद के साथ-साथ ग्रामीण स्वावलंबन की मिसाल पेश कर रहे हैं। झज्जर की सार्थक सेल्फ हेल्प ग्रुप, नूना माजरा की महिलाओं के जूट बैग और फाइल कवर खूब बिक रहे हैं, जबकि पंजाब की अंबुजा फाउंडेशन, बठिंडा की महिलाओं की क्रोशिया कला हरियाणा की महिलाओं को नई तकनीक सीखने के लिए प्रेरित कर रही हैं।

### *भांगड़ा की प्रस्तुति ने मन मोहा*

शाम के सांस्कृतिक सत्र में लोक नृत्य कार्यक्रम ने माहौल को जीवंत कर दिया। बच्चों की प्रस्तुतियों और छोटे सिंह साहब द्वारा अपनी बहन के साथ किया गया भांगड़ा नृत्य दर्शकों की तालियों से गूंज उठा। प्रदर्शनी में हररोज किए जा रहे सांस्कृतिक कार्यक्रम विशेष आकर्षण का केंद्र बने हुए हैं।


बहादुरगढ़। प्रदर्शनी में पहुंचे राष्ट्रीय पुरस्कार प्राप्त शिल्पकार।

### जूतियां बनाकर कई को दिया रोजगार

सिरसा से आई नारी शक्ति समूह की सदस्य कमलेश ने बताया कि उनका समूह पंजाबी जूतियां और चमड़े के उत्पाद तैयार कर कई गांवों की महिलाओं को रोजगार दे रहा है। वहीं खुर्जा के राष्ट्रीय पुरस्कार विजेता शिल्पगुरु जहीरुद्दीन की ब्लू पॉटरी मेले की पहचान बन गई है। उन्होंने कहा कि यदि स्थानीय स्तर पर उद्योगों को पुनर्जीवित किया जाए तो हरियाणा फिर से इस कला का केंद्र बन सकता है। जहीरुद्दीन ने लोगों से अपील की कि वे इन शिल्पकारों की मेहनत की सराहना करते हुए उत्पाद खरीदें, ताकि पारंपरिक कलाओं को नया जीवन मिल सके।